न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **ओमप्रकाश वगैरा बनाम छोटेलाल वगैरा** **प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण** मु.न. 41/2018	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
13.12.2018	पत्रावली पेशी हुई। अधिवक्ता अप्रार्थी सं. 01 लगा. 15 उपस्थित। बार–बार आवाज लगवाये जाने के उपरान्त भी प्रार्थीगण मे से कोई उपस्थित नही हुआ। अधिवक्ता अप्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया की प्रकरण में पत्रावली उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई की टिप्पणी हेतु पेशी तारीख आज नियत है। किन्तु तत्कालीन पीठासीन अधिकारी न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई श्री चिम्मनलाल मीना का स्थानान्तरण हो चुका हैं। इसलिए विचाराधीन प्रार्थना पत्र को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नही हैं। अतः प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज फरमाया जावे। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अधिवक्ता अप्रार्थीगण द्वारा व्यक्त किया गया है कि तत्कालीन पीठासीन अधिकारी न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई का स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिए प्रार्थना पत्र को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नही है। अतः न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई में विचारधीन दावा उनवान ओमप्रकाश बनाम छोटेलाल मु.न. 15/2018 व टी.आई. उनवान ओमप्रकाश बनाम छोटेलाल मु.न. 14/2018 को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरित किये जाने हेतु प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई को भिजवायी जावे। प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 13.12.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। अति॰ जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official